सार-समाचार

लौहारान समाज की 8 टीमें आई

जोधपुर, (कासं)। मारवाड़ मुस्लिम लौहारान समाज की ओर से रात्रिकालीन बॉक्स क्रिकेट लीग के सीजन-3 का आयोजन स्पोर्टीफाई बॉक्स ग्राउण्ड में किया गया। इस लीग में लौहारान समाज की 8 टीमों ने भाग लिया। बॉक्स क्रिकेट लीग के आयोजक शम्मी उल्लाह खान ने बताया कि मारवाड़ मुस्लिम लौहारान की रात्रिकालीन बॉक्स क्रिकेट लीग के सीजन-3 का पहला मैच टीम गुलिस्तान व हाकमबाग के बीच खेला गया, जिसमें हाकमबाग ने टीम गुलिस्तान को हराया। दूसरे मैच में टीम इब्राहिम ने टीम आसिफ को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं तीसरे मैच में टीम बलदेवनगर ने टीम मेहबूब को हराया और चौथे मैच में टीम हफीज ने टीम शाहिद को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आयोजक मेहबूब खान ने बताया कि पहला सेमीफाइनल हाकमबाग व बलदेवनगर के बीच खेला। इस मैच में बलदेवनगर ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनायी और दूसरा सेमीफाइनल मैच टीम हफीज व टीम इब्राहिम के बीच खेला गया, जिसमें टीम हफीज ने मैच जीतकर फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच टीम बलदेवनगर व टीम हफीज के बीच खेला गया। फाइनल मैच में टीम बलदेवनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 49 रन बनाए। जवाब में टीम हफीज निर्धारित ओवर में 37 रन ही बना पायी। फाइनल मैच का मैन आफ द मैच पुरस्कार मोहसिन बहादुर को दिया गया। वहीं मैन आफ द सीरिज का पुरस्कार इरफान खान को दिया गया। आयोजक शम्मी उल्लाह खान व मेहबूब खान ने बलदेव नगर टीम को बॉक्स क्रिकेट लीग का खिताब जीतने पर विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम हफीज को रनरअप की ट्रॉफी दी गई।

गर्ग समाज की कार्यकारिणी का गठन

जालोर, (कासं)। गर्ग गुरु ब्राह्मण समाज आहोर तहसील की कार्यकारिणी गठित की गई। प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के निर्देशानुसार भारत विद्या मंदिर आहोर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष हिम्मताराम गर्ग सियाणा की अध्यक्षता में सर्वप्रथम भगवान गर्गाचार्य समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प माला पहनाकर बैठक का शुभारंभ किया गया।इस दौरान आहोर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र गर्ग मीठडी ने बैठक का आयोजन कर कार्यकारिणी घोषित की उपाध्यक्ष पद पर सत्यप्रकाश गर्ग सराणा , टीमेश्वर गर्ग हरियाली, दामोदर लाल गर्ग हरजी, उदाराम गर्ग बादनवाडी , भरत कुमार गर्ग आहोर, कोषाध्यक्ष पद पर भगवत कुमार गर्ग वेदाना सह कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग भुति सचिव अशोक कुमार गर्ग गुडा रामा सह सचिव राजेंद्र कुमार गर्ग कांबा मिडिया प्रमुख लखन गर्ग थुंबा , छगनलाल गर्ग जोडा सदस्य सुरेश कुमार गर्ग नोसरा ,अमृत गर्ग चांदराई, महेंद्र कुमार गर्ग वेडिया, प्रकाशचंद्र गर्ग मेडा, शिवलाल गर्ग रोडला मांगीलाल गर्ग उम्मेदपुर,इन्द्रमल गर्ग कांबा,राजेन्द्रकुमार गर्ग खारा, मदनलाल गर्ग भाद्राजून,चम्पालाल गर्ग शंखवाली, रमेशकुमार गर्ग पादरली, सुरेश कुमार गर्ग भोरडा, पुखराज गर्ग आहोर,, तेजपाल गर्ग भवरानी को सदस्य मनोनीत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिम्मताराम सियाणा, जिला उपाध्यक्ष अमृतलाल गुढा बालोतान, उत्तमचंद मांडवला, संरक्षक मिश्रीमल भवरानी, शान्तिलाल भोरडा,रिखबाराम भोरडा, ताराचंद अगवरी, भरतकुमार अगवरी,हिरालाल आहोर सहित समाज बन्धुओं की उपस्थिति सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई।

रेवदर में दो जगह रक्तदान शिविर लगे

रेवदर, (निसं)। रेवदर शिविर रेवदर प्रखंड के दो स्थानों पर लगाए गए। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवदर, जहां पर 100 यूनिट रक्तदान किया गया एवं दूसरा शिविर अनादरा के बस स्टैंड पर लगाया गया, जिसमें 62 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत समरसता प्रमुख सागर मल सोनी ने अपने वक्तव्य में 30 अक्टूबर 1990 की कार सेवा में बाबरी विध्वंस करते हुए बलिदान हुए कार सेवकों को श्रद्धांजलि स्वरुप सभी रक्त वीरों का प्रशस्ति पत्र एवं दुपट्टा पहन कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रणछोड पुरोहित,जिला सुरक्षा प्रमुख बाबूराम चौधरी,प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पुरोहित,उपाध्यक्ष गेलाराम चौधरी,प्रखंड मंत्री विनोद सेन,प्रखंड संयोजक कमलेश गोस्वामी,प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख उकाराम देवासी,योगेश शर्मा, दिनेश चौधरी,भावेश देवासी,हितेश चौधरी,दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका तुलसी कोली, कुसुम संत,सीमा बंजारा,तेजल कोली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आपसी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

जोधपुर, (कासं)। फलोदी जिले के लोहावट थाना क्षेत्र में बाइक पर सवार होकर जा रहे युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आपसी रंजिश को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। घायल युवक का फिलहाल लोहावट के स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है। युवक के पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पर्चा बयान में शिव भुवनेश्वर सिंह राजपूत निवासी जालोड़ा ने बताया कि 2 नवंबर को सुबह 10 बजे वह अपने घर से बाप की तरफ बाइक लेकर रवाना हुए थे। गांव में स्कूल के समीप कमल सिंह पुत्र गिरधर सिंह, पृथ्वी सिंह, देवेंद्र सिंह, सिद्धू सिंह अचानक आए और उसके ऊपर पत्थर फेंका। जिससे बाइक बेकाबू होकर गिर गई। इस पर वह पैदल भागने लगा तो पीछे से आ रहे बदमाशों ने मगाराम सुथार के घर में बने कमरे में घुसकर उसके साथ कुल्हाड़ी, चाकू, लगिए और लातों को से मारपीट की। इसके बाद वहां से भाग गए। युवक ने बताया कि घर बनाने की बात को लेकर सभी उससे रंजिश रखते थे। इसी के चलते उस पर हमला किया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

अन्वेषण ब्यूरो का जागरूकता कैंप 4 से

जोधपुर, (का.सं.)। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जोधपुर शाखा की टीम द्वारा बीकानेर में जागरूकता कैंप का आयोजन 4 व 5 नवंबर 2024 को किया जा रहा है। कैंप का आयोजन केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, सागर रोड, बीकानेर में किया जाएगा। इस कैम्प में केन्द्र सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों बैकों, बीमा कम्पनियों आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे रिश्वत की मॉग, आय से अधिक सम्पत्ति, पद के दुरुपयोंग से सम्बधित शिकायत उपरोक्त सीबीआई टीम के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रुप में दी जा सकती है तथा मोबाइल नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह हुआ

सांचोर, (निसं) भोमिया राजपूत समाज पटी सांचौर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनमोहन रिसॉर्ट में पीर शांतिनाथजी महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्जवलित कर स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें समाज के विकास शिक्षा पर जोर देने के साथ साथ समाज में फैली कुरीतियों तथा नशा मुक्ति पर अंकुश लगाने का निर्णय लिया तथा एक दुसरे को नये वर्ष कि शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाज वरिष्ठ जन विजयसिंह दहिया धानता, मोहब्बत सिंह सोलंकी खारा, भूपसिंह दांतिया, स्वरुपसिंह बिछावाडी, जोईतसिंह भादरून, भवानीसिंह सहित कई जने मौजूद रहे।

गोस्वामी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

रेवदर, (निसं)। गोस्वामी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मकावल में आगाज हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मोती राम कोली, भटाना सरपंच भवानी सिंह , मकवाल पूर्व सरपंच खंगार उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच रामपुरा डाक के बीच में हुआ जिसमें डाक विजय रही। इस मौके पर गोस्वामी समाज के सभी गोस्वामी बंधु एवं कमेटी के सभी साथा भामाशाह बंधु उपस्थित रहे।

अंडर 14 क्रिकेट चयन ट्रायल आज

जैसलमेर, (नि.सं.)। राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जैसलमेर जिले की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से 4 नवंबर को इंदिरा इंडोर स्टेडियम क्रिकेट मैदान में किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि 14 टीम का चयन 4 नवंबर को सुबह 7 से 9 व शाम को 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने दस्तावेज लेकर पहुंच सकते है। चयन समिति सदस्य विजय वैष्णव, नरपत चौधरी,ललित शर्मा व विनर शर्मा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन करेंगी। चयन ट्रायल प्रभारी कृष्ण गोपाल सोनी को बनाया गया है।

चारभुजा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव हुआ

पाली, (नि.सं.)। दीपावली के दूसरे दिन से शहर में अंकूट महोत्सव कार्यक्रम मंदिरों में शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में शनिवार शाम को बालियां का वास स्थित चारभुजा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जहां शाम 7:00 बजे आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी ओमप्रकाश पेशवा, दिनेश पेशवा, भरत पेशवा, का सहयोग रहा।

संस्कारित गुणात्मक शिक्षा से ही विकास संभव : पूनमाराम

सांचोर,(निसं)। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा जिला सांचौर की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बिश्नोई धर्मशाला (गुरुद्वारा) सांचौर में पूनमाराम विश्नोई की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

महासभा के महासचिव मनमोहन साहू ने बताया कि बैङ्क में बिश्नोई समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, नशा, बढ़ती गैर जरूरी रीति रिवाज, बालिका शिक्षा बढावा, बालिका छात्रावास, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के उत्थान पर चर्चा की गई। समाज में प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कोर्सेज तथा व्यावसायिक कोर्सेज के बारे में नवीन आयाम स्थापित करने को लेकर विस्तार चर्चा की गई। साथ ही सोशल मीडिया एवं मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग से बच्चों पर होने वाले दुष्प्रभाव से बचाव हेतु परिवार के मुखियाओं की कार्यशाला आयोजन कर समाज सुधार पर चर्चा की गई। साहू ने बताया कि धर्मशाला सांचौर में प्रस्तावित गुरु जंभेश्वर भगवान मंदिर के निर्माण पर भी चर्चा कर निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा का वार्षिक अधिवेशन जैसे सुझाव आये जिसमें बाल विवाह, मृत्यु भोज, नशा जैसी कुरितियां उन्मूलन के लिए प्रस्ताव लिए गए।

शिक्षण संस्थान के उत्थान के लिए सकारात्मक सुझाव आए। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संचालित विश्नोई धर्मशाला, बालिका छात्रावास, धर्मशाला दुकानों की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित, अमृता देवी शिक्षण संस्थान के उत्थान, अमृता देवी उद्यान, बी ढाणी विकास के बारे में भी चर्चा हुई। पर्यावरण संरक्षण को लेकर रासीसर में चल रहे आंदोलन में भागीदारी निभाने के लिए आव्हान किया। वही मुकाम में सांचौर के लिए धर्मशाला के लिए जमीन लेने संबंधी रचनात्मक निर्णय लिए।

बैठक में कार्यकारिणी पदाधिकारी, सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, भीखाराम सारण सरपंच पुर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सचिव जयकिशन सारण, सुरेश कुमार सियाक, गंगाराम पूनिया, मणीलाल मांजू, लादूराम भादू, डॉ भूपेंद्र विश्नोई, गौरव सारण,ठाकराराम गोदारा, गोपीचंद खिलेरी प्राचार्य, महिला युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शायरा विश्नोई, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ दिनेश जांभाणी, रघुनाथ बाबा, राणाराम विश्नोई, ईशरा राम विश्नोई, लादूराम विश्नोई पूर्व विकास अधिकारी, भगवानाराम विश्नोई सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी, पूनमचंद गोदारा सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी, तेजाराम मांजू सेवानिवृत्त अभियंता, मांगीलाल सारण सरपंच, भाखराराम मांजू पूर्व सरपंच, मनोज कुमार, पूर्व सरपंच मोबता राम गोदारा, हीरालाल गोदारा, रामगोपाल धायल, मांगीलाल खिलेरी जिला परिषद सदस्य, प्रवीण कुमार साऊ जिला परिषद सदस्य, उद्योगपति भेराराम गोदारा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, सहित समाज के बुजुर्ग, युवाओं, महिलाओं ने भागीदारी निभाई। जिला प्रधान पूनमाराम विश्नोई ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन महासचिव मनमोहन साहू, डॉ दिनेश जांभाणी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महासभा सांचौर ने किया।

सांचोर में अखिल भारतीय विश्नोई महासभा की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

5 से 30 नवंबर तक होगी एलपीजी आई.डी. की सीडिंग

■ कंवराराम जिला रसद अधिकारी ने जानकारी दी

बाड़मेर/बालोतरा, (नि.सं.)। रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजनान्तर्गत जरुरतमंद परिवारों की महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। बजट घोषणा 2024-25 से इसका दायरा बढाते हुए एनएफएसए के लाभार्थियों को 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी परिवारों को एलपीजी गैस सिलेंडर 450 रुपए में प्राप्त करने के लिए एनएफएसए राशन कार्ड के सभी सदस्यों के आधार एवं परिवार में उपलब्ध समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग करवाया जाना अनिवार्य है।

उचित मूल्य दुकान पर पोस मशीन से होगी सीडिंग

सीडिंग के लिए संबंधित उपभोक्ता को 5 से 30 नवंबर 2024 तक नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर जाकर पोस मशीन के माध्यम से प्रत्येक एनएफएस परिवार के समस्त सदस्यों के आधार नंबर की सीडिंग, ई-केवाईसी तथा परिवार के सदस्यों के नाम समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग की करवाई जानी है। यह 17 अंकों की आईडी संबंधित गैस एजेंसी की ओर से जारी बिल में प्रदर्शित है। राशनकार्ड में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों की ई केवाईसी भी उचित मूल्य दुकानदार से पोस मशीन के माध्यम से अनिवार्य रुप से इस अवधि में करवाई जानी है।

'दुकानदार सीडिंग के उपरांत ही करें राशन वितरण'

उचित मूल्य दुकानदार एनएफएसए परिवार के सभी सदस्यों की आधार, एलपीजी आईडी एवं ई केवाईसी की सीडिंग उपरांत गेहूं का वितरण निर्धारित प्रावधानुसार लाभार्थियों को किया जाए। इस अभियान के लिए रसद विभाग की ओर से सभी एनएफएसए परिवार के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस एवं वॉइस मैसेज भिजवाए जा रहे है।

जालोर दुर्ग का कलैक्टर ने अवलोकन किया



कलैक्टर डॉ. प्रदीप के.गवांडे ने दुर्ग का भ्रमण कर ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत की जानकारी ली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप गवांडे ने रविवार को ऐतिहासिक जालोर दुर्ग पहुँच कर दुर्ग सहित पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए मरम्मत कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जालोर दुर्ग स्थित मानसिंह महल, मंदिर, बावडी सहित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अवलोकन के दौरान जिला कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को अतिक्रमण रोकथाम के निर्देश दिए। उन्होंने जालोर दुर्ग पर निर्माणाधीन सडक के संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जालोर दुर्ग की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संबंध में भी जानकारी ली।

इस अवसर पर पुरातत्व विभाग, वन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस बालोतरा 'ऑपरेशन मदमस्त'

बालोतरा, (नि.सं.)। कुंदन कंवरिया आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि विकास कुमार आईपीएस, महानिरीक्षक पुलिस, रेंज जोधपुर द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ''मदमस्त'' के तहत दिए गए दिशा-निर्देशानुसार गोपाल सिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा व समस्त वृताधिकारी जिला बालोतरा के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारी जिला बालोतरा के नेतृत्व में गठित अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा अवैध शराब की ब्रांच, अवैध रूप से शराब परिवहन/बिक्री पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत कुल 08 प्रकरण पंजीबद्ध कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गोपाल सिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा व समस्त वृताधिकारीगण जिला बालोतरा के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारीगण जिला बालोतरा के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा अवैध शराब की ब्रांच, अवैध शराब परिवहन/ बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सिवाना, सिणधरी, बायतु, गिड़ा, पचपदरा व मण्डली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध कर 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना जसोल द्वारा तलवार लेकर आमजन में दशहत फैला रहे मुलजिम नवाराम पुत्र हरचंद राम भील उम्र 24 वर्ष निवासी भील बस्ती वार्ड न. 01 जसोल थाना जसोल को गिरफ्तार किया।

मदन राठौड़ ने चन्द्रकला लोहिया का आशीर्वाद लिया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पाली में अपने दोस्त की माताजी का हाल पूछने स्कूटी पर उनके घर पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को पाली जिले के दौरे पर रहे और अपने आवास पर आमजन से मुलकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनायें दी।

उसके पश्चात राठौड़ शहर के दौरे पर निकलने और शहर के विभिन्न मोहल्लों में शहरवासियों से मुलाक़ात कर उनके हाल चाल जाने और दीपावली की शुभकामनायें दी। साथ ही उन्होंने शहर के बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद भी लिया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में गाड़ी नहीं जाने के चलते राठौड़ स्कूटी पर बैठकर शाहजी के चौक पहुंचे और 95 वर्षीय चन्द्रकला लोहिया का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने राठौड़ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उसके बाद शहर में आना कम होता, लेकिन दीपावली के अवसर पर तीन दिन रुकने का अवसर पर मिला तो पुराने बुजुर्गो का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। इनका आशीर्वाद से ही आज ये सेवा का मौका मिला है। इस मौके पर समाजसेवी ओम प्रकाश लोहिया ,अशोक लोहिया, अनिल लोहिया अतीत लोहिया सहित कई लोग मौजूद थे।

दिया कुमारी खींवसर पहुंचीं

जयपुर, (का.सं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को खींवसर उपचुनावों में भाजपा को जिता कर कमल खिलाने का आव्हान किया। वे खींवसर में दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रही थी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है और अब खींवसर की कड़ी भी जोड़ने का समय आ गया है। कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सुरेश रावत, राज्य मंत्री मंजू बाघामार और विजय सिंह चौधरी, विधायक केसाराम चौधरी, अतुल भंसाली, आदूराम मेघवाल, भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डांगा, नागौर जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला और प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी उपस्थित थे।

राइजिंग राजस्थान के तहत इन्वेस्टमेंट मीट आज

जोधपुर, (कासं)। राइजिंग राजस्थान की शृंखला के तहत जोधपुर में सोमवार, 4 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे इण्डाना पैलेस में इन्वेस्टमेंट मीट का आयोजन किया जाएगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जोधपुर के महाप्रबंधक एस. एल. पालीवाल ने बताया कि राइजिंग राजस्थान की इसी शृंखला के तहत जोधपुर में सोमवार, 4 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे इण्डाना पैलेस में इन्वेस्टमेंट मीट का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल विशिष्ठ अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि इस मीट के दौरान जोधपुर के 289 निवेशकों से एमओयू किया जायेगा। जिससे जिले में 17 हजार 350 करोड रूपये का नवीन निवेश आयेगा। साथ ही, जिससे 57 हजार नये रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

महाप्रबंधक एस. एल. पालीवाल ने बताया किमुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में राज्य की आर्थिक प्रगति एवं रोजगार सृजन की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में नवीन निवेश आकृष्ट करने के लिए राइजिंग राजस्थान अभियान को सर्वाधिक महत्व देते हुए देश-विदेश के निवेशकों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय निवेशकों को प्रेरित करने के दृष्टिकोण से प्रत्येक जिले में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है।

पालीवाल ने बताया कि नये निवेश में सबसे बडे निवेशक मारवाड सीमेंट कंपनी है। जो 2 हजार 300 करोड रूपये का निवेश कर जोधपुर ठामीण जिले के घोडावेट गांव में सीमेंट प्लान्ट स्थापित कर रही है। जिसमें 400 व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा स्थानीय उद्यिमयों द्वारा एक राईफल निर्माण इकाई का भी प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें 1 हजार 500 करोड रूपये का नवीन निवेश होगा। साथ ही, 150 व्यक्तियों को रोजगार भी मिलेगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि निवेश की दृष्टि से सबसे बडा सेक्टर रियल एस्टेट है, जहां पर 3 हजार 732 करोड रूपये का निवेश कर 5 हजार 245 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जायेगा।

साथ ही उन्होंने बताया कि कृषि प्रसंस्करण, सौर ऊर्जा, हैण्डिक्राफ्ट, होटल एवं टूरिज्म, चिकित्सा एवं शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों में भी काफी बडी मात्रा में निवेश किया जाना प्रस्तावित है।

पालीवाल ने बताया कि 289 निवेशकों में से 204 निवेशकों के साथ एमओयू उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा किया जायेगा। जिसमें लगभग 8 हजार 940 करोड रूपये का निवेश होगा। साथ ही, जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भी 85 निवेशकों को प्रोत्साहित किया गया है। जो लगभग 8 हजार 400 करोड का निवेश करेंगे इन निवेशकों के साथ नगरीय विकास विभाग एमओयू करेगा।

इस कार्यक्रम में नवीन निवेशकों एवं प्रमुख उद्यिमयों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान एक जिला एक उत्पाद" योजना के तहत चयनित उत्पादों के अलावा जोधपुर के विशिष्ट उत्पादों की एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, रीको तथा लघु उद्योग भारती एवं जोधपुर इण्डस्ट्रीज एसोसियशन एवं सभी प्रमुख औद्योगिक संघों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मेघवाल समाज का प्रथम उपखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह चरली के पास गुरूदाता नारायणनाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

आहोर, (निसं)। मेघवाल समाज का प्रथम उपखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को चरली के समीप गुरूदाता आश्रम आदेश नगर में गुरूदाता नारायणनाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक छगनसिंह राजपुरोहित थे, वहीं अध्यक्षता आईआरएस गोपाल डांगी ने की। डॉ पीआर चुंडावत , डॉ डीसी पुच्छल , डॉ राहुल मेघवाल , सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी इंदाराम मेघवंशी , भंवरलाल मेघवाल ,डीटीओ शेराराम,एडीईओ मोहनलाल परिहार ,सीबीईओ कस्तुराराम , प्रोफेसर भरत मेघवाल , कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल , भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गेनाराम मेघवाल,एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

वक्ताओं ने शिक्षा को बढावा देने, नशा से दूर रहने, कुरीतियों को समाप्त करने एवं सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की नसीहत दी। समारोह में 10 वीं व 12 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों, वर्ष 22 व 24 में नव चयनित सरकारी प्रतिभाओं , खेलकूद,विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वालों एवं भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

समारोह में आयोजन कमेटी के संयोजक वचनाराम राठौड, मोहनलाल राठौड,सकाराम राठौड, अचलाराम चौहान,उकाराम, भीखाराम डांगी सहित समाज के पंच एवं काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार एवं रमेश कुमार ने किया। अंत में संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।